## खास-खबरें

### तेज आवाज में बज रहे डीजे जब्त, संचालकों पर प्रकरण दर्ज

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल:** जहांगीराबाद थाना पुलिस ने तेज आवाज में डीजे बजाने की शिकायतों पर कार्रवाई करते हुए गुरुवार शाम पांच डीजे जब्त किए। पुलिस ने संबंधित डीजे संचालकों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार डी-मार्ट के सामने जहांगीराबाद में डीजे चालक तुषार वर्मा और डीजे संचालक नीतेश राय के खिलाफ कार्रवाई की गई। इसी तरह एसबीआइ भवन जहांगीराबाद के पास लोकेश नागिया, चरक अस्पताल के सामने रूपेश बाथम और स्टॉल तिराहा बरखेड़ी में सोनू तिवारी के डीजे तेज आवाज में बजने की शिकायत मिली थी। शिकायतों के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की। तेज आवाज में डीजे बजता पाए जाने पर पांचों डीजे वाहन जब्त कर लिए गए। पुलिस ने संचालकों के खिलाफ नियमानुसार प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि शहर में तेज आवाज में डीजे बजाने की शिकायत मिलने पर इसी तरह कार्रवाई जारी रहेगी।

### आचार्य विनोबा भावे की जयंती पर नमन

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल:** सामाजिक समानता और लोककल्याण के लिए उनके योगदान को किया स्मरण मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्वतंत्रता सेनानी, भूदान आंदोलन के प्रणेता और भारत रत्न आचार्य विनोबा भावे की जयंती पर नमन किया। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि भूमिहीनों को भूमि उपलब्ध कराने के साथ सामाजिक समानता के लिए आचार्य विनोबा भावे ने अपना जीवन समर्पित कर दिया। उनके विचार सदैव लोककल्याण की प्रेरणा प्रदान करते रहेंगे।

### सर्पदंश से बचाव के लिए सरकार ने जारी किए दिशा-निर्देश

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल:** वर्षा ऋतु में सर्पदंश की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए राज्य शासन ने नागरिकों की सुरक्षा और समय पर उपचार उपलब्ध कराने के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। मध्यप्रदेश में सर्पदंश को स्थानीय आपदा घोषित किया गया है। इसके प्रभावी प्रबंधन के लिए जिलों को समन्वित कार्ययोजना के तहत आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। निर्देशों के तहत सभी शासकीय अस्पतालों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में पर्याप्त मात्रा में विषरोधी औषधि, जीवनरक्षक दवाइयां और आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराने को कहा गया है।

### 85 आवारा श्वान पकड़े नसबंदी केंद्र भेजे

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल:** नगर निगम की ओर से शहर में आवारा श्वानों की नसबंदी और एंटी रेबीज टीकाकरण अभियान लगातार चलाया जा रहा है। शुक्रवार को निगम के डॉग स्क्वाड ने विभिन्न क्षेत्रों से 85 आवारा श्वानों को पकड़कर नसबंदी केंद्रों में भेजा। वहीं, नसबंदी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद 95 श्वानोंको उनके मूल स्थान पर वापस छोड़ा गया। नगर निगम आयुक्त संस्कृति जैन के निर्देश पर की गई कार्रवाई में 24 श्वानोंको कजलीखेड़ा स्थित एबीसी केंद्र, 32 को आदमपुर एबीसी केंद्र और 29 श्वानों को अरवलिया एबीसी केंद्र भेजा गया।

### बाइक फिसलने से घायल युवक की मौत

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल:** बागसेवनिया थाना क्षेत्र में दो दिन पहले बाइक फिसलने से घायल हुए युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। हादसे में उसके सिर में गंभीर चोट आई थी। उसे तत्काल उपचार के लिए एम्स में भर्ती कराया गया था, जहां मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात उसकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार अमराई बागसेवनिया निवासी पार्थ घोष (40) निजी काम करता था। छह सितंबर की रात करीब साढ़े 12 बजे वह 11 मील से अमराई स्थित अपने घर लौट रहा था। बागसेवनिया थाने के पास पहुंचते ही उसकी बाइक अचानक अनियंत्रित होकर फिसल गई।

### खदान में संदिग्ध हालत में मिला युवक का शव

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल:** कजलीखेड़ा इलाके में गुरुवार सुबह एक खदान में युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। रहवासियों ने खदान के पानी में शव देखा और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव बाहर निकलवाकर जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान रवि कुमार उर्फ भूरा (31), पिता अनार सिंह, निवासी फिरोजाबाद, उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। बताया गया है कि रवि सोमवार को पत्नी के साथ फिरोजाबाद जाने के लिए घर से निकला था।

# ई-चालान की फोटो से पकड़ा गया वर्दी पहनकर घूम रहा वाहन चोर

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** चोरी की एक्टिवा लेकर पुलिस की वर्दी पहनकर शहर में घूम रहे आरोपित को कोहेफिजा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान देवलाल बरकडे उर्फ मोनू के रूप में हुई है। उसके कब्जे से चोरी की एक्टिवा, आईफोन-16 और पुलिस की वर्दी समेत करीब 1.80 लाख रुपये का सामान बरामद किया गया है। मामला 22 अगस्त का है। इंद्रविहार कॉलोनी निवासी नीलू साहू अपनी एक्टिवा से हमीदिया अस्पताल परिसर स्थित मेट्रून कार्यालय पहुंची थीं। सुबह करीब 8:30 बजे से दोपहर 1:40 बजे के बीच उनकी एक्टिवा चोरी हो गई। वाहन में रखा आईफोन-16 भी आरोपित ले गया था। शिकायत के बाद कोहेफिजा पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस चोरी के वाहन और आरोपित की तलाश में सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही थी। इसी दौरान 2 सितंबर को वाहन मालिक के पास यातायात सिग्नल तोड़ने का ई-चालान पहुंचा। चालान में लगी तस्वीर देखकर पुलिस को महत्वपूर्ण सुराग मिला। फोटो में चोरी की एक्टिवा चला रहा युवक खाकी रंग की पुलिस वर्दी में नजर आया। इसके बाद पुलिस ने उसके आने-जाने के मार्ग की जानकारी जुटाई और शहर में लगे करीब 100 से 150 कैमरों की फुटेज खंगाली। अलग-अलग स्थानों की तस्वीरों को जोड़ते हुए पुलिस आरोपित तक पहुंच गई।




बारिश के बाद शहर के कई इलाकों में यातायात प्रभावित, एमपी नगर में जाम के बीच वाहनों की कतार। दृश्य : गर्वमेंट प्रेस, भोपाल।

### प्रभावित खसरा नंबर, नक्शा और विकास मापदंड सार्वजनिक करने की मांग

# मेट्रो के 500 मीटर दायरे में टीडीआर प्रस्ताव पर आपत्ति, रहवासी समिति ने उठाए सवाल

### नई विकास योजना-2047 में प्रावधान शामिल करने की पैरवी



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** भोपाल में मेट्रो रेल गलियारे के दोनों ओर करीब 500 मीटर क्षेत्र को हस्तांतरणीय विकास अधिकार (टीडीआर) प्राप्ति क्षेत्र घोषित करने के प्रस्ताव पर संयुक्त रहवासी संघर्ष समिति ने आपत्ति दर्ज कराई है।

समिति ने नगर एवं ग्राम निवेश संचालनालय में दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर प्रस्ताव की प्रक्रिया और पारदर्शिता पर सवाल उठाए हैं। समिति के प्रतिनिधि विवेक त्रिपाठी और लवनीश भाटी ने मांग की है कि प्रस्ताव से जुड़े सभी दस्तावेज, विस्तृत नक्शा, प्रभावित खसरा नंबर, विकास सीमा और निर्माण संबंधी मापदंड सार्वजनिक किए जाएं। समिति का कहना है कि पूरी जानकारी उपलब्ध नहीं होने से आम नागरिक तथ्यात्मक आधार पर अपनी आपत्ति या सुझाव प्रस्तुत नहीं कर पा रहे हैं। समिति ने सवाल उठाया कि भोपाल के लिए विकास योजना-2047 तैयार करने की प्रक्रिया चल रही है, ऐसे में वर्ष 2005 की विकास योजना में अब बड़े क्षेत्र को प्रभावित करने वाला संशोधन करने का औचित्य क्या है। समिति के अनुसार टीडीआर जैसे महत्वपूर्ण प्रावधानों को शहर की भविष्य की जरूरतों, मेट्रो नेटवर्क, पर्यावरण, यातायात, आवास और अधोसंरचना को ध्यान में रखते हुए नई विकास योजना में शामिल करना अधिक उचित होगा। समिति ने अरेरा कॉलोनी के ई-1 से ई-5 क्षेत्र, श्यामला हिल्स और राजभवन सहित संवेदनशील इलाकों पर संभावित प्रभाव का अध्ययन कराने की मांग की है।

समिति का कहना है कि टीडीआर से निर्माण घनत्व और शहरी दबाव बढ़ सकता है। इसलिए पर्यावरण, यातायात और अधोसंरचना पर प्रभाव का अध्ययन किए बिना निर्णय नहीं लिया जाना चाहिए। समिति ने प्रभावित खसरा नंबरों की सूची, स्पष्ट सीमांकन और सभी विकास मापदंड सार्वजनिक करने की मांग की है।

## नेशनल लोक अदालत आज, मिलेगा विद्युत विभाग और नगर निगम की छूट का लाभ

**हिरदाराम नगर.** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में 12 सितंबर को जिला न्यायालय भोपाल एवं तहसील न्यायालय बैरसिया में वर्ष 2026 की नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। लोक अदालत की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं, जिसमें अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण के लिए जिला न्यायालय भोपाल, तहसील न्यायालय बैरसिया, कुटुम्ब न्यायालय, श्रम न्यायालय और रेरा सहित विभिन्न न्यायिक संस्थानों में कुल 57 खंडपीठों का गठन किया गया है। जिला भोपाल के न्यायालयों में वर्तमान में विभिन्न प्रकृति के कुल 1,64,821 मामले लंबित हैं।

## सबनानी और महापौर ने निर्माण कार्य का किया भूमिपूजन



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के तुलसी नगर स्थित पीएम श्री शासकीय नवीन कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 2 करोड़ 30 लाख रुपये की लागत से निर्माण कार्य किए जाएंगे। शुक्रवार को विधायक भगवानदास सबनानी और महापौर मालती राय ने निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया।

निर्माण के तहत विद्यालय में अतिरिक्त कमरों और बाउंड्री वाल का निर्माण किया जाएगा। विधायक सबनानी ने कहा कि निर्माण कार्य पूरा होने के बाद विद्यालय में कमरों की संख्या बढ़ेगी और अधिक विद्यार्थियों को प्रवेश मिल सकेगा। विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ अन्य गतिविधियों के लिए भी अतिरिक्त स्थान उपलब्ध होगा।

उन्होंने कहा कि शिक्षित और संस्कारी विद्यार्थी भविष्य के राष्ट्र के सृजनकर्ता हैं। विद्यार्थियों की सुविधाओं में कमी नहीं होने दी जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में शिक्षा के क्षेत्र में कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं। विद्यार्थियों को शिक्षा के लिए बेहतर वातावरण उपलब्ध कराने के साथ खेल गतिविधियों में भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी, विद्यालय के शिक्षक, विद्यार्थी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## 68 निरीक्षकों के तबादले भोपाल समेत कई जिलों में नई पदस्थापना

▶▶ **पुलिस स्थापना बोर्ड की मंजूरी के बाद आदेश जारी, जिला पुलिस के साथ विभिन्न इकाइयों में भी फेरबदल**

*__नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः__ मध्यप्रदेश पुलिस मुख्यालय ने पुलिस स्थापना बोर्ड की मंजूरी के बाद 68 निरीक्षकों और कार्यवाहक निरीक्षकों के स्थानांतरण आदेश जारी किए हैं। अधिकारियों को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक वर्तमान पदस्थापना से हटाकर नई इकाइयों और जिलों में पदस्थ किया गया है। आदेश में भोपाल समेत प्रदेश के कई जिलों और पुलिस की विभिन्न इकाइयों में पदस्थापना में बदलाव किया गया है।*

*स्थानांतरण सूची में राम शर्मा को पीटीएस तिघरा से जिला सीहोर, बनवारी लाल त्यागी को नरसिंहपुर से खंडवा, बाबूलाल कुमरावत को इंदौर नगरीय से भोपाल नगरीय और संदीपिका ठाकुर को सिवनी से ग्वालियर भेजा गया है। सुरभि शर्मा की छतरपुर से जबलपुर और प्रियंका केवट की नरसिंहपुर से भिंड पदस्थापना की गई है।*

*भरत सिंह किरार को शाजापुर से मानव अधिकार आयोग भोपाल, उमा कुशवाह को लोकायुक्त मुख्यालय भोपाल से बड़वानी और कविता अलावा को पीटीसी इंदौर से झाबुआ भेजा गया है। राजेंद्र सिंह भदौरिया को भोपाल से देवास तथा योगेंद्र सिंह जादौन को भोपाल से भिंड पदस्थ किया गया है। इसी तरह रंजना चौहान को मानव अधिकार आयोग से अनूपपुर, कमल नारायण बंजारे को मैहर से बैतूल, उमाशंकर मुकाती को राजगढ़ से श्योपुर, लोकेन्द्र सिंह हिरोर को इंदौर ग्रामीण से राजगढ़ और आरती राठौर को पीटीएस तिघरा से निवाड़ी भेजा गया है।*

*सीमा शर्मा की विशेष शाखा भोपाल से नारकोटिक्स विंग इंदौर, राय सिंह गुंदिया की एसटीएफ मुख्यालय भोपाल से धार, श्रीराम मंडलोई की राज्य साइबर मुख्यालय भोपाल से झाबुआ और प्रतिभा तोमर की लोकायुक्त संगठन भोपाल से ग्वालियर पदस्थापना की गई है।*

*इसके अलावा नितिन शर्मा को पीटीएस भौरी से छतरपुर, रवींद्र यादव को सीहोर से उज्जैन, योगेश कुमार बरैया को एसटीएफ मुख्यालय से मुरैना, जितेंद्र चंदेलिया को रेल मुख्यालय भोपाल से शिवपुरी, दिलीप समाधिया को दतिया से जीआरपी भोपाल और कमलेश कुमार गौंड को भोपाल से जीआरपी इंदौर भेजा गया है।*

*आदेश में कहा गया है कि अधिकारियों को निर्धारित समयावधि में कार्यमुक्त किया जाए। यदि कोई अधिकारी निलंबित है तो उसे कार्यमुक्त नहीं किया जाएगा और इसकी सूचना पुलिस मुख्यालय को देनी होगी। जिले में पहुंचने के बाद अधिकारियों को कार्य आवंटन संबंधित पुलिस अधीक्षक द्वारा किया जाएगा।*

## पर्युषण पर्व के चौथे दिन निकला कल्पसूत्र का भव्य चल समारोह



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** तुलसी नगर स्थित श्री आदिनाथ जैन श्वेतांबर संघ में पर्वाधिराज पर्युषण पर्व का चौथा दिन श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। परम पूजनीय आचार्य पंजाब केसरी श्री विजय बल्लभ सूरी जी महाराज साहब संप्रदाय की साध्वी पूज्यनीय शीलधर्मा श्री जी महाराज साहब आदि ठाणा के सानिध्य में बैंड-बाजों के साथ कल्पसूत्र (पोथाजी) का भव्य चल समारोह निकाला गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाओं ने मंदिर में विराजित साध्वी महाराज साहब को कल्पसूत्र भेंट किया। भगवान की पंच ज्ञान पूजा एवं अष्ट प्रकारी पूजा-अर्चना विधि-विधान से की गई। साध्वी जी ने पवित्र ग्रंथ कल्पसूत्र का वाचन किया, जिसे श्रद्धालुओं ने भावपूर्वक सुना। संघ अध्यक्ष राजेंद्र पारीक, उपाध्यक्ष केसी जैन, सचिव रजनीश सेठिया और प्रवक्ता संजय कोठारी ने बताया कि 12 सितंबर को 14 सपनों की बोलियां और भगवान महावीर स्वामी के जन्मवाचन का आयोजन होगा। इसके बाद स्वामी वात्सल्य होगा।

## शिक्षक राष्ट्र निर्माता, विद्यार्थियों को लक्ष्य तय कर आगे बढ़ना चाहिए : सिद्ध भाऊ

### नवयुवक सभा ने सामूहिक शिक्षक सम्मान समारोह



**नईदुनिया प्रतिनिधि, हिरदाराम नगरः** नवयुवक सभा द्वारा संचालित शिक्षण संस्थाओं का सामूहिक शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। मार्गदर्शक संत सिद्धभाऊजी ने बच्चों एवं शिक्षक- शिक्षिकाओं से संवाद किया।

सभा अध्यक्ष वासदेव वाधवानी ने कहा कि शिक्षक को स्वयं सीखने की भावना बनाए रखनी चाहिए, तभी वह विद्यार्थियों को नई दिशा दे सकता है। उपाध्यक्ष महेश दयारामानी ने कहा कि माता-पिता जीवन देते हैं, जबकि शिक्षक उसे सही दिशा प्रदान करते हैं। महासचिव राजेश हिंगोरानी ने शिक्षक दिवस को शिक्षकों के योगदान को स्मरण करने का अवसर बताया। भाऊ ने कहा कि माता-पिता जन्म देते हैं, लेकिन शिक्षक जीवन जीने की राह दिखाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से मोबाइल से दूरी बनाकर नियमित अध्ययन करने और ब्रह्ममुहूर्त में पढ़ाई करने की सलाह दी। समारोह में नवयुवक सभा द्वारा संचालित विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं के शिक्षकों एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का सम्मान किया गया। श्री विष्णु गेहानी एवं कलादेवी गेहानी की स्मृति में मानसी चोइथानी, हेमप्रभा जोशी, अनिता लालवानी, हेमलता संगतानी, ज्योति सरदार एवं रजनी हरचंदानी को श्रेष्ठ शिक्षक सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन नेहा चेनानी ने किया।


## कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला भोपाल

(जय प्रकाश चिकित्सालय परिसर, 1250 भोपाल)
(ईमेल आई.डी.-cmhobho@nic.in)

क्र./निविदा/2026-27/19359 भोपाल, दिनांक 10.09.26

### निविदा आमंत्रण सूचना

कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला भोपाल के द्वारा जिला भोपाल में वर्ष 2026-27 के दौरान औषधिय का दर अनुबंध किये जाने हेतु आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। आनलाईन निविदा में सम्मिलित होने हेतु दिनांक 18.09. 2026 समय 05.00 बजे तक 2000 ऑनलाईन पेय कर एम.पी. टेण्डर पोर्टल से निविदा फार्म क्रय किया जा सकता है। विस्तृत जानकारी https://mptenders.gov.in पर उपलब्ध है।
नोट:- मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला भोपाल को जारी निविदा बिना कारण दर्शाये निरस्त करने का अधिकार होगा।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला भोपाल

जी-18442/26

## कार्यालय आबकारी आयुक्त, मध्यप्रदेश, नवीन कम्पोजिट राजस्व भवन चतुर्थ तल, चन्द्रवदनी नाका, लश्कर, जिला ग्वालियर

E-mail:ec.ecogwl@mp.gov.in

क्रमांक/तीन/स्टोर/2026-27/1/1293903/2026 ग्वालियर, दिनांक 09.09.2026

### निविदा आमंत्रण सूचना

आबकारी आयुक्त, मध्यप्रदेश द्वारा भोपाल स्थित कंट्रोल कमांड सेन्टर के सुचारू संचालन एवं उपकरणों की सुरक्षा हेतु 40 KVA का एक डीजल जनरेटर सेट (DG Set) आबकारी आयुक्त के कैम्प कार्यालय, ई-5 विटटन मार्केट, भोपाल में क्रय कर स्थापित कराये जाने हेतु एमपी टेंडर पोर्टल पर निविदा क्रमांक 2026 EXCIS 534265_1 आमंत्रित की गई है। निविदा में प्रस्तुतीकरण से संबंधित शर्तें एवं विवरण एमपी टेंडर पोर्टल की साईड पर निविदा आमंत्रण सूचना प्रदर्शित की गई है।

अपर संचालक (वित्त)
कृते आबकारी आयुक्त मध्यप्रदेश

जी-18440/26

## कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला विदिशा (म.प्र.)

क्रमांक/निविदा/2026/7674 दिनांक-10.09.2026

### अल्पकालीन निविदा

राष्ट्रीय कृमिमुक्ति दिवस (NDD) के अंतर्गत जिले में आवश्यक 'एल्बेंडाजोल 400 mg टैबलेट' की स्थानीय खरीदी हेतु पात्र एवं इच्छुक फर्मों/ आपूर्तिकर्ताओं से 'मध्यप्रदेश टेंडर पोर्टल के माध्यम से 07 दिवस की अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है।
निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण, तकनीकी विशिष्टताएं, पात्रता शर्तें, मात्रा, निविदा दस्तावेज, नियम एवं शर्तें तथा अन्य जानकारी 'मध्यप्रदेश ई-प्रोक्योरमेंट/टेंडर पोर्टल' पर उपलब्ध रहेगी।

**निविदा संबंधी प्रमुख जानकारी :-**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | क्रय की जाने वाली सामग्री | : एल्बेंडाजोल 400 mg टैबलेट |
| 2. | निविदा का प्रकार | : अल्पकालीन निविदा (Short Tender) |
| 3. | निविदा अवधिरू | : 07 दिवस |
| 4. | अधिकतम अनुमेय दर | : रू128/- प्रति 100 टैबलेट जी.एस.टी सहित |
| 5. | निविदा आमंत्रित करने की तिथि | : 11.09.2026 |
| 8. | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | : 17.09.2026, समय 2.30 बजे तक |
| 9. | तकनीकी निविदा खोलने की तिथि एवं समय | : 18.09.2026 |

निविदाकारों द्वारा दवा की तकनीकी उपयुक्तता एवं निर्धारित गुणवत्ता मानकों का पालन सुनिश्चित किया जाना अनिवार्य होगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला विदिशा को बिना कारण बताए किसी भी अथवा समस्त निविदाओं को स्वीकार / अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला विदिशा (म.प्र.)

जी-18439/26


**आयोजन** *स्वामी विवेकानंद के विचारों से विद्यार्थियों को कराया परिचित...*

## शिकागो धर्म संसद की ऐतिहासिक उपलब्धि को किया याद



**नईदुनिया प्रतिनिधि, हिरदाराम नगरः** शिकागो विश्व विजय दिवस पर संस्कार विद्यालय में कार्यक्रम का आयोजित किया गया।

इस अवसर पर विद्यार्थियों को स्वामी विवेकानंद द्वारा वर्ष 1893 में शिकागो में आयोजित विश्व धर्म संसद में दिए गए ऐतिहासिक उद्बोधन तथा उनके विचारों से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में संस्था के सचिव बसंत चेलानी ने अतिथियों का स्वागत एवं परिचय कराते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद का शिकागो में दिया गया उद्बोधन भारतीय संस्कृति और सनातन धर्म के लिए ऐतिहासिक क्षण था। उन्होंने अपने संबोधन के माध्यम से पूरी दुनिया को भारत की आध्यात्मिक परंपरा, सहिष्णुता और मानवता का संदेश दिया तथा सनातन धर्म को वैश्विक स्तर पर सम्मान दिलाया।

कार्यक्रम में उपस्थित आशीष परिहार ने स्वामी विवेकानंद के जीवन से जुड़ी महत्वपूर्ण घटनाओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वर्ष 1893 में शिकागो में विश्व धर्म संसद का आयोजन विभिन्न धर्मों के बीच आपसी समझ, भाईचारे और धार्मिक सहिष्णुता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया था। इस मंच पर स्वामी विवेकानंद ने भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा का प्रभावशाली प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने बताया कि स्वामी विवेकानंद ने अपने संबोधन की शुरुआत 'अमेरिका के भाइयों और बहनों' कहकर की, जिस पर सभागार लंबे समय तक तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजता रहा। उनके इस संबोधन ने भारत की आध्यात्मिक विरासत की ओर पूरी दुनिया का ध्यान आकर्षित किया। आशीष परिहार ने कहा कि स्वामी विवेकानंद बचपन से ही कुशाग्र बुद्धि के थे और उन्हें रामायण तथा महाभारत के अनेक प्रसंग कंठस्थ थे। वे भारतीय संस्कृति और मातृभूमि के प्रति गहरा लगाव रखते थे। उनका मानना था कि मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। उनके प्रेरणादायक विचार और संदेश आज भी युवाओं तथा समाज को नई दिशा प्रदान करते हैं।

कार्यक्रम में भारतीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक कृपा सिंह, आशीष परिहार, अतुल, राजेश लेखवानी, विद्यालय के प्राचार्य आर.के. मिश्रा, प्रधानाचार्या मृदुला गौतम, मोंटेसरी इंचार्ज प्रियंशी आडवानी, शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।